इरेडा ने अपने ग्राहकों के साथ वर्चुअल बैठक की



इरेडा ने 20 फरवरी 2021 को श्री प्रदीप कुमार दास, सीएमडी, इरेडा की अध्यक्षता में त्रैमासिक आधार पर उधारकर्ताओं के साथ बैठक की।

बातचीत के दौरान, सीएमडी ने माननीय प्रधान मंत्री द्वारा निर्धारित अक्षय ऊर्जा के लिए नए विजन के प्रति आभार व्यक्त किया, जिसके परिणामस्वरूप इरेडा में 1500 करोड़ रुपये इक्विटी का इनफ्यूजन हो रहा है। श्री दास ने इस संबंध में माननीय वित्त मंत्री और माननीय नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री से समर्थन करने के संबंध में रेखांकित किया और इरेडा पर विश्वास जताने के लिए उनका आभार व्यक्त किया।

सीएमडी, इरेडा ने प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत सरकार से इक्विटी और अन्य पहलों से इरेडा की नेट-वर्थ को बढ़ाने में मदद मिलेगी। इस अतिरिक्त इक्विटी से कंपनी की पूंजी पर्याप्तता में सुधार होगा, जोकि मौजूदा उधारकर्ताओं के साथ-साथ नए उधारकर्ताओं को और अधिक फंडिंग को सक्षम करने के लिए व्यक्तिगत और ग्रुप स्तर की एक्सपोजर सीमा को बढ़ाने में मदद करेगा। इसके अलावा इरेडा द्वारा कम ब्याज दरों पर आगे उधार लेने में भी सक्षम बनाया जाएगा, जिससे इरेडा द्वारा डेवलपर्स के लिए ब्याज दरों को कम किया जा सके।

इरेडा इस क्षेत्र में कम ब्याज दरों को सुनिश्चित करने के लिए न्यूनतम लागत पर धन जुटाने के अलावा हरित ऊर्जा क्षेत्र के विकास पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखेगा।

महामारी के दौरान भी इरेडा के सक्रिय समर्थन और ज्ञान शेयरिंग की सराहना करते हुए, विभिन्न धाराओं के उधारकर्ताओं से सकारात्मक सुझावों की एक श्रृंखला प्रस्तुत किया गया। प्रतिभागियों ने इस तरह के आदान-प्रदान और मामले के समाधान करने के लिए शीर्ष प्रबंधन की पहल की सराहना की। उन्होंने पिछले कुछ महीनों में इरेडा के प्रक्रिया में सुधार और त्वरित प्रतिक्रिया को स्वीकार किया।

श्री बी.वी. प्रसाद, विजय नगर शुगर लिमिटेड ने इरेडा में नई संस्कृति को पूरक बनाया और ऋण स्वीकृति का उल्लेख किया जोकि उन्हें इरेडा कार्यालय में आए बिना प्राप्त हुआ। उन्होंने उन सेवाओं के बारे में उल्लेख किया जोकि इरेडा के हितधारकों ने प्रौद्योगिकी की सहायता से पारदर्शी तरीके से सेवाएं प्राप्त करना शुरू कर दिया है।

सीएमडी, निदेशक (तकनीकी) और अन्य इरेडा अधिकारियों ने उधारकर्ताओं द्वारा उठाए गए प्रश्नों के उत्तर भी दिए।